INDIAN SCHOOL SOHAR **SET-1**

PERIODIC TEST-2 (2017-18)

SUBJECT-HINDI No. of Printed Page-2

DATE: 15.01.18 Max Marks: 20

CLASS : VI Time : 40 Minutes

सामान्य निर्देश : 1. कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 8 प्रश्न हैं।

2. प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व उसका क्रमांक अवश्य लिखा जाए।

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर लिखिए। [5]

एक राजा को पशु-पक्षियों को पालने का बहुत शौक था।उसने एक बंदर भी पाल रखा था।राजा के मंत्रियों ने एकाध बार प्रार्थना की कि बंदर में बुद्धि कम होती है, अतः वह कभी राजा को हानि पहुँचा सकता है, पर राजा ने किसी की एक न सुनी। वह बंदर भी समझदार और स्वामिभक्त था। एक दिन राजा को नींद आ गई, तो बंदर राजा को हवा करने लगा। बंदर को पंखा झलते देख मंत्रिगण और नौकर-चाकर भी चकित रह गए। तभी बंदर ने देखा कि एक मक्खी बार-बार राजा की नाक पर बैठ रही है।बंदर ने कई बार मक्खी को उड़ाने का प्रयत्न किया पर हर बार वह पुनः राजा की नाक पर बैठ जाती।क्रोध में आकर बंदर तलवार उठा लाया और जैसे ही मक्खी राजा की नाक पर बैठी, बंदर ने उस पर तलवार से वार किया। मक्खी तो उड़ गई, पर राजा की नाक कट गई।

(क) राजा को क्या पालने का शौक था ?

(ख) मंत्रियों के अनुसार राजा को कौन हानि पहुँचा सकता था ?

(ग) राजा के द्वारा पाले गए बंदर की क्या विशेषता थी ?

(घ) बंदर किसे हवा कर रहा था ?

(ङ) बंदर ने तलवार से किस पर वार करने का प्रयास किया ?

प्रश्न 2. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों के कारक भेद लिखिए। [2]

(क) चाची कुएँ से पानी निकालती है।

(ख) कमल तालाब में खिले हैं।

(ग) रमन कविता पढ़ता है।

(घ) नर्स ने रोगी के लिए दवाई दी।

प्रश्न 3. भाग शब्द के दो अनेकार्थी शब्द लिखिए । [1]

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रत्येक वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए । [1]

(क) जिसमें रस न हो -
(ख) जो बहुत बोलता हो -

प्रश्न 5. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा? [1]

सुना तुमने, नागराजन का अलबम खो गया।

प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए । [2]

(क) अकसर (ख) नियामत (ग) अगुवा (घ) कालगति

प्रश्न 7. निम्नलिखित शब्दों और मुहावरों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए । [2]

(क) धुन सवार होना (ख) ओर

प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>**किन्हीं 3**</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए । [6]

(क) झाँसी की रानी के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?
(ख) प्रकृति का जादू किसे कहा है?
(ग) टिकट अलबम का शौक रखने के राजप्पा और नागराजन के तरीके में क्या अंतर है?
(घ) लेखक ने संसार को पुस्तक क्यों कहा है?

समाप्त